
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# भारत-मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ

- पीएम मोदी का दो दिवसीय मलेशिया दौरा संपन्न
- पुत्राजाया में भव्य स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**नई दिल्ली, 08 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मलेशिया दौरा रविवार को पूरा हो गया. दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती देकर वे स्वदेश रवाना हुए. एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी की मलेशिया यात्रा के महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे दोनों देशों के संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी.**

इससे पहले पुत्राजाया में पीएम मोदी का भव्य स्वागत हुआ, यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके बाद पीएम मोदी ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

पीएम मोदी ने कहा, भारत और मलेशिया विश्वास, दोस्ती और साझा आकांक्षाओं पर आधारित साझेदारी को और गहरा कर रहे हैं. दोनों देशों के बीच मैरीटाइम पड़ोसी हैं. भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे.

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति के लिए भारत प्रतिबद्ध

पीएम मोदी ने कहा, मलेशिया में भारत के वर्कर्स के संरक्षण के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, टूरिज्म के लिए ग्रीटिस ई वीजा और डिजिटल के लिए यूपीआई का मलेशिया में लागू होना. ये सभी कदम दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगे. तमिल भाषा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा रूप से जोड़ता है. आसियान का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हम आसियान के साथ पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं. पीएम मोदी ने कहा, मलेशिया जैसे मित्र देशों की मदद से भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को व्यापक बनाएगा. प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि मलेशिया में जल्द ही भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा, जिससे द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंध और मजबूत होंगे और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय को बेहतर सेवाएं मिलेंगी. पीएम मोदी दो दिन की मलेशिया यात्रा पर हैं, इस दौरान वह उच्च स्तरीय बैठकों करेंगे.

### प्रधानमंत्री के भाषण की 10 बड़ी बातें


- एमओयू सहित 11 दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ.
- भारत और मलेशिया के बीच कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा.
- एआई और डिजिटल तकनीकों के साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी बढ़ेगी.
- 2025 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 18.59 अरब डॉलर तक पहुंचा.
- भारत सरकार मलेशिया के कोटा किनाबालू में वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोलेगा.
- ऑडियो-विजुअल समझौते से तमिल फिल्मों और संगीत को बढ़ावा मिलेगा.
- मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा.
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाओं पर फोकस.
- स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति.

### मलेशियाई बिजनेस लीडर्स से की मुलाकात

प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया के चार प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की. इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच तेजी से मजबूत हो रहे बिजनेस-टू-बिजनेस संबंधों पर चर्चा हुई. इस दौरान पीएम मोदी ने भारत की सशक्त आर्थिक विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों की बढ़ती रुचि की सराहना की और कहा कि यह विश्वास दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा. इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशियाई उद्योग जगत को भारत में उपलब्ध व्यापक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया.

## भारत टैक्सी का एयरपोर्ट्स अथॉरिटी के साथ एग्रीमेंट

**नई दिल्ली.** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने लॉन्च हुई देश की पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ एग्रीमेंट साइन किया है. इसके तहत भारत टैक्सी देश के कई एयरपोर्ट्स पर कैब सेवाएं देगी. इस समझौते का मकसद एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को सही किराया, तय दरों और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना है. भारत टैक्सी, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित एक ड्राइवर-ओनर्ड सेवा है, जिसमें टैक्सी चालक स्वयं कोऑपरेटिव के सदस्य होते हैं.




# गोगोई गुपचुप पाक गए थे : सरमा

- सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गंभीर आरोप लगाए
- केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाएगी जांच

**नई दिल्ली, 08 फरवरी. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद और असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई पर पाकिस्तान से कथित संबंधों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं.**



मुख्यमंत्री का दावा है कि गौरव गोगोई 2013 में बिना जानकारी दिए पाकिस्तान गए थे और हो सकता है वहां किसी तरह का प्रशिक्षण भी लिया हो . इस मामले की जांच अब केंद्रीय एजेंसी से कराने की तैयारी है.

रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ये आरोप लगाए. उन्होंने गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई पर भी गंभीर आरोप लगाए. दावा है कि एलिजाबेथ भारत में एक संस्था में काम करते हुए देश से जुड़ी जानकारियां इकट्ठा कर पाकिस्तान भेजती थीं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एलिजाबेथ दो भारतीय संस्थाओं में काम करते हुए नौ बार पाकिस्तान गई थीं.

## एक नजर में

### रूस-यूक्रेन को ट्रंप का अल्टीमेटम

**वॉशिंगटन.** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा नजर आ रहा है. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने खुलासा किया है कि अमेरिका ने दोनों देशों को जून 2026 तक युद्ध समाप्त करने की डेडलाइन दी है. इस समय सीमा के भीतर शांति समझौता नहीं होने पर दोनों पक्षों पर और कड़े कदम उठाए जा सकते हैं.

### कर्नाटक में ट्रेनी प्लेन खेत में क्रैश

**वियजवाड़ा.** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया. जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया, उन्हें हल्की चोटें आई हैं. घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है, जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था. शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी.

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की जेल में मौत

## देश के टॉप अल्पसंख्यक नेताओं में से थे

**ढाका, 08 फरवरी. बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेता रमेश चंद्र सेन का दिनाजपुर जेल में निधन हो गया. अधिकारियों और स्थानीय रिपोर्टों ने इसकी पुष्टि की है.**

सेन को देश के टॉप अल्पसंख्यक नेताओं में गिना जाता था. वो हसीना की सरकार में जल संसाधन मंत्री रहे थे. 5 बार के सांसद सेन ने 2024 में अपना आखिरी चुनाव जीता था. रमेश चंद्र सेन को शनिवार सुबह करीब 9.10 बजे तबीयत बिगड़ने पर



अस्पताल ले गए, जहां उनकी मौत हुई. सेन की मौत से जेल में बंद अवामी लीग के सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं.

शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद अवामी लीग के नेता हमलों से बचने के लिए देश छोड़कर भाग रहे थे, लेकिन सेन ने इस दौरान भी घर पर रहना चुना. बाद में वह 2008, 2014, 2018 और 2024 में सांसद बने. वहीं बांग्लादेश में रमेश चंद्र सेन की मौत को लोगों ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए इस पर सवाल उठाए हैं. कुछ लोगों ने इसे हत्या बताया है.

# संघ के निर्देश पर छोड़ दूंगा आरएसएस प्रमुख का पद

## शताब्दी समारोह में भागवत बोले, किसी भी जाति का व्यक्ति बन सकता है संघ प्रमुख

**मुंबई, 08 फरवरी . राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में रविवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों के साथ संवाद किया और कई प्रश्नों के उत्तर दिए.**

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि संघ ने उनसे बढ़ती उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है. साथ ही उन्होंने इस बात



पर जोर दिया कि संगठन के निर्देश मिलते ही वे पद छोड़ देंगे. उन्होंने यह भी कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति हमेशा हिंदू ही रहेगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो और शीर्ष पद सबसे योग्य उम्मीदवार को ही मिलेगा.

आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता. क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही प्रमुख की नियुक्ति करते हैं. आरएसएस में समुदाय आधारित प्रतिनिधित्व नहीं है और स्वयंसेवक अपने काम के आधार पर पदोन्नति पाते हैं.

उन्होंने कहा, किसी भी जाति का व्यक्ति संघ प्रमुख बन सकता है, बस उसे हिंदू होना चाहिए. उन्होंने कहा कि अगर मुझे प्रमुख चुनना होता, तो मैं सबसे योग्य उम्मीदवार के मानदंड को अपनाता. जब मुझे आरएसएस प्रमुख नियुक्त किया था, तब कई योग्य उम्मीदवार थे, लेकिन वे उपलब्ध नहीं थे. मुझे ही कार्यभार से मुक्त किया जा सकता था और नियुक्त किया जा सकता था.

# कोटा में 3 मंजिला इमारत गिरने से 2 लोगों की मौत

हादसे में 14 घायल

- अवैध रूप से संचालित हो रहा था रेस्टोरेंट

**कोटा, 08 फरवरी (वार्ता) राजस्थान में कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में इंदिरा विहार में शनिवार रात तीन मंजिला इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए.**

पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि इमारत के गिरने की सूचना मिलते ही राज्य आपदा राहत बल और पुलिस मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया. मलबे में दबे लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस ने बताया कि एक कोचिंग छात्र अनारन्य कर्माकर और एक गुब्बारे बेचने वाले की मौत हो गई. अब तक 14 लोगों भर्ती कराया गया है. छात्र अपनी मां के साथ इस इमारत में संचालित रेस्टोरेंट में खाना खाने आया था. उसकी मां की स्थिति गंभीर बनी हुई है. अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायलों का मेडिकल कॉलेज एवं एमबीएस अस्पताल में उपचार जारी है.

# मप्र के आदिवासी पीड़ितों से मिले राहुल-प्रियंका



- जंगल काटने, विस्थापन और रोजगार की समस्याएं सुनीं
- राहुल ने जल्द सिंगरौली आने का दिया आश्वासन

**सिंगरौली/नई दिल्ली, 08 फरवरी. सिंगरौली जिले के आदिवासी बहुल इलाकों से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की.**

इस दौरान उन्होंने जिले की जमीनी समस्याओं से अवगत कराया, जिसके बाद राहुल गांधी ने सिंगरौली आने का आश्वासन दिया. यह मुलाकात लोकसभा के भीतर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चेंबर में हुई. प्रतिनिधिमंडल ने विस्थापन, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों को विस्तार से रखा. आदिवासियों ने बताया कि सिंगरौली जिले में औद्योगिक गतिविधियों और खनन परियोजनाओं के कारण वे लंबे समय से विस्थापन, मुआवजा और पुनर्वास की समस्याओं का सामना कर रहे हैं. क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है. मुलाकात के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं.



मौके पर मिला नक्सलियों का सामान किया बरामद

# 25 लाख के इनामी टॉप कमांडर 'प्रभाकर' समेत 7 नक्सली ढेर

- गढ़चिरौली में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी
- मुठभेड़ में बहादुर जवान दीपक चिन्ना शहीद

**गढचिरौली/रायपुर, 08 फरवरी (वार्ता) महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षाबलों ने अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक को अंजाम देते हुए नक्सलियों की कमर तोड़ दी है.**

इस भीषण मुठभेड़ में पुलिस की सी-60 कमांडो यूनिट ने 25 लाख रुपये के इनामी टॉप नक्सली कमांडर प्रभाकर सहित कुल 7 नक्सलियों को मार गिराया है. इस साहसिक ऑपरेशन में सी-60 के एक बहादुर जवान दीपक चिन्ना मडावी देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद हो गए.

पुलिस सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों से सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ सीमा से सटे अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों का एक बड़ा दल और कंपनी नंबर 10 के सदस्य सक्रिय हैं. इसके बाद गढ़चिरोली पुलिस की विशेष यूनिट सी -60 और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने 3 की रात से ही नारायणपुर-गढ़चिरोली सीमा के पास फोड़ेवाड़ा गांव के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था.

### गोला-बारूद और नक्सली साहित्य बरामद

गढ़चिरोली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन बेहद दुर्गम इलाके में तीन दिन और तीन रात तक चला. पुलिस इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक प्रहार मान रही है. घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं, जिनमें 3 एके-47 राइफल, 1 एसएलआर, 1.303 राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद और नक्सली साहित्य शामिल है.

दौरा: ग्राम गंधिया में माता शबरी की जयंती पर जनजातीय हितग्राही सम्मेलन, मुख्यमंत्री ने शबरी मैया की सुंदर प्रतिमा का किया अनावरण

# भक्तिभाव से शबरी मैया ने पूरे वनवासी समाज का बढ़ाया मान : मुख्यमंत्री

**139** विकास कार्यों की दी सौगात

**747** करोड़ रुपये की लागत से होंगे कार्य

**शहडोल, 08 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को शहडोल जिले की ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गंधिया स्थित सीतामढ़ी धाम में माता शबरी जयंती पर आयोजित जनजातीय हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया. सीतामढ़ी परिसर में मुख्यमंत्री ने शबरी मैया की एक सुंदर प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम गंधिया से शहडोल जिले के लिए 747 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत वाले 139 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया. इसमें 613 करोड़ रुपए से



अधिक लागत से 79 कार्यों का लोकार्पण तथा 134 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 60 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है. मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन्होंने नि:शब्द रहकर अपनी पुण्य भावनाओं को अमर शब्द दे दिए, ऐसी शबरी मैया को पूरे प्रदेश की ओर से नमन है, भगवान को बेर भी भेंट देने से पहले खुद बेर का मीठापन जांच लेना भक्ति का उत्कर्ष है. कोल समाज की कुल देवी शबरी मैया हम सबके लिए सदैव आराध्य हैं. उन्होंने अपने चरित्र एवं सत्कर्मों से पूरे वनवासी और जनजातीय समाज का मान बढ़ाया.

### सीएम ने किए सच्चिदानंदजी महाराज के अंतिम दर्शन

**सतना.** धारकुंडी आश्रम के संस्थापक परमहंस स्वामी सच्चिदानंदजी महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद उनकी पार्थिव देह सड़क मार्ग से रविवार को आश्रम लाई गई, जहां अंतिम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं और अनुयायियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. अंतिम दर्शन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, नगर निगम परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह तोमर और संजय पटारिया सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक आश्रम पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किए. मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी सरकार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. दिव्यात्मा का जाना हम सब के लिए कष्टकारी भी है.

#### डिप्टी सीएम भी पहुंचे